# 2023

## HINDI

## ( Honours Generic/Regular )

Paper : HIN-HG/RC-1016

( हिन्दी साहित्य का इतिहास )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' किसकी कृति है?

(ख) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने आदिकाल की प्रारंभिक सीमा क्या मानी है?

(ग) किस कवि को 'मैथिल कोकिल' की आख्या से विभूषित किया गया है?

(घ) मलिक मुहम्मद जायसी-कृत 'पद्मावत्' का रचनाकाल क्या है?

(ङ) गोस्वामी तुलसीदास की 'कृष्ण गीतावली' हिन्दी की किस बोली में रचित है?

(च) किस विद्वान ने उत्तर-मध्यकाल को 'अलंकृत काल' नाम से अभिहित किया है?

(छ) 'इश्क़लता' के रचयिता कौन हैं?

(ज) रोवहु सब मिलिकै आवहु भारत भाई।
हा! हा! भारत-दुर्दशा न देखी जाई॥
—प्रस्तुत काव्य-पंक्तियाँ किस कवि की है?

(झ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(ञ) किस काव्य-कृति के लिए अज्ञेय को ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'बीसलदेव रासो' किसकी कृति है? इसकी रचना कब हुई थी?

(ख) सूफी काव्यधारा की किन्हीं दो प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(ग) निर्गुण और सगुण काव्यधारा का एक साम्य एवं एक वैषम्य बताइए।

(घ) आचार्य केशवदास-विरचित किन्हीं दो रीति-निरूपक ग्रंथों का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) आधुनिककालीन भारतीय नवजागरण के साथ जुड़े किसी एक सुधारवादी समुदाय/संस्था एवं उसके प्रतिष्ठापक/उन्नायक के नाम लिखिए।





**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) आदिकालीन नाथ साहित्य के किसी एक प्रमुख कवि का परिचय दीजिए।

(ख) भक्ति-आंदोलन के उद्‌भव के संबंध में आचार्य रामचंद्र शुक्ल और आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत कारणों का उल्लेख कीजिए।

(ग) भक्त कवयित्री मीराँबाई की किन्हीं दो काव्यगत विशेषताओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) कवि भूषण का परिचय दीजिए।

(ङ) राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की लोकप्रियता पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

(च) प्रगतिवादी काव्यधारा की किन्हीं दो प्रमुख प्रवृत्तियों को उदाहरण-सहित दर्शाइए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) "हिन्दी साहित्येतिहास के आरंभिक कालखंड के लिए सुझाए गए विभिन्न नामों में से 'आदिकाल' नाम सर्वाधिक उपयुक्त है।" सतर्क विवेचन कीजिए।

**अथवा**

आदिकालीन सिद्ध साहित्य के प्रमुख कवियों एवं उनकी कृतियों का नामोल्लेख करते हुए इस काव्यधारा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) संत काव्यधारा में महात्मा कबीरदास का स्थान निर्धारित कीजिए।

**अथवा**

कृष्णभक्ति काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों पर उदाहरण-सहित प्रकाश डालिए।

(ग) उदाहरण की पद्धति पर रचित रीतिकाव्य को कविवर बिहारीलाल की देन पर सोदाहरण आलोकपात कीजिए।

**अथवा**

रीतिमुक्त काव्यधारा का आशय क्या है? इस काव्यधारा की प्रधान विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) छायावादी काव्यधारा में कविवर जयशंकर प्रसाद के महत्त्व का सोदाहरण आकलन कीजिए।

**अथवा**

नई कविता की मुख्य प्रवृत्तियों को रेखांकित कीजिए।

★★★